Reg no:-UDYAM/JH190015501

# समाचार संध्या

झारखण्ड

SUBSCRIBE Ss samachar sandhiya

समाचार संध्या न्यूज

Email: - samacharsandhiyanews@gmail.com Samacharsandhiya.com शनिवार 02 नवंबर 2024






# बड़की पोना में काली प्रतिमा का बैंड बाजे के साथ छठ तालाब में किया

## श्री श्री सार्वजनिक काली पूजा समिति बड़की पोना में भंडारा के साथ धूमधाम से पूजा सम्पन्न हुआ










**समाचार संध्या**

रजरप्पा। चितरपुर क्षेत्र बड़की पोना में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री श्री सार्वजनिक काली पूजा का आयोजन किया गया इस मौके परकाली भक्तो द्वारा देर रात विधि विधान से मन्त्रोंचारण पूजा अर्चना की गई, शनिवार को दोपहर बाद खिचड़ी महाप्रसाद का वितरण किया गया, इस मौके पर रजरप्पा थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडेय पहुँचे और पूजा समिति के सदस्यों को पट्टी पहनाकर स्वागत किया तथा उन्होंने लोगों से कहा की जुलुस शान्ति पूर्वक ढंग से निकाले तथा आपसी प्रेमभाव ढंग से मां काली प्रतिमा का विसर्जन देर शाम तक़ तालाब घाट में करें,इस मौके पर आखरी दिन पूजा पंडाल के समीप महाभंडारा प्रसाद का लुफ्त सैकड़ो महिला पुरुष व बच्चों ने प्रसाद ग्रहण किया, विसर्जन के दौरान काली पूजा समिति के लोगों द्वारा काली प्रतिमा को पंचायत के कई टोलों में गाजे बाजे के घुमाया गया वही युवा वर्ग के युवकों ने बैंडबाजे के झूमते नाचते गाते ग्रामीणों द्वारा सौहार्दपूर्ण वातावरण में धूमधाम से माँ काली की प्रतिमा को नम आँखों से छठ तालाब में देर शाम विसर्जन किया गया! इस मौके पर राजीव जयसवाल पूजा समिति अध्यक्ष रमेश दांगी सचिव अजय दांगी, सदस्य विजय कुमार,रामचंद्र महतो, अमृत कुमार, संतोष महतो, रुपेश महतो, प्रदीप महतो, भोला महतो, जगदीप कुमार,प्रदीप कुमार, नरेश कुमार, यशवंत कुमार,पुरन महतो, गोबिंद महतो, सुशांत कुमार, परेश कुमार रोहित कुमार सहित सैकड़ो महिला पुरुष ग्रामीण शामिल थे!

# इंडिया गठबंधन ने न्यू सरदार कॉलोनी व नीचे धौड़ा में चुनावी सभा का किया आयोजन डोर-टू-डोर जनसंपर्क कर कांग्रेस प्रत्याशी अंबा प्रसाद को जिताने का किया आह्वान

## पूरे बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए अंबा प्रसाद को जितावें : संजीव बेदिया





**समाचार संध्या**

भुरकुंडा (रामगढ़)। इंडिया गठबंधन की ओर से न्यू सरदार कॉलोनी और नीचे धौड़ा भुरकुंडा में शनिवार को चुनावी सभा का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता संजय वर्मा और संचालन इकबाल हुसैन ने किया। चुनावी सभा में झारखंड सरकार के पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव और झामुमो के केंद्रीय सचिव सह झारखंड परिवहन प्राधिकार संयुक्त सदस्य संजीव बेदिया मुख्य रूप से उपस्थित थे। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव ने कहा कि बड़कागांव में इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी अंबा प्रसाद है, जो आपकी बेटी-बहन है। अंबा प्रसाद हमेशा अपने क्षेत्र में जनकल्याण का काम कर रही है और आगे भी करती रहेगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों से कांग्रेस प्रत्याशी अंबा प्रसाद के पक्ष में समर्थन मांगते हुए भारी मतों से विजयी बनाने का आह्वान किया। झामुमो के केंद्रीय सचिव सह झारखंड परिवहन प्राधिकार संयुक्त सदस्य संजीव बेदिया ने कहा कि झारखंड प्रदेश में हेमंत सोरेन की लहर चल रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने कार्यकाल में जनता के लिए जो जनकल्याणकारी कार्य किये हैं वह ऐतिहासिक रहा है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी अंबा प्रसाद को भारी मतों से विजयी बनावें पूरे बड़कागांव विधानसभा में विकास की गंगा बहेगी। श्री बेदिया ने कहा कि झारखंड में पुनः इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। साथ ही हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री बनकर पूरे झारखंड का सर्वांगीण विकास करेंगें। इसके पूर्व नीचे धौड़ा और न्यू सरदार कॉलोनी में डोर-टू-डोर- जनसंपर्क अभियान चलाकर अंबा प्रसाद को चुनाव में भारी मतों से विजयी बनाने का आह्वान किया गया। इसके बाद न्यू बैरक भुरकुंडा और जवाहर नगर पंचायत के हनुमानगढ़ी स्थित पुराना सिनेमा हॉल कॉलोनी में भी चुनावी सभा का आयोजन कर इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने अपने प्रत्याशी अंबा प्रसाद के पक्ष में क्षेत्रवासियों से समर्थन मांगा। मौके पर संजय वर्मा, हरिलाल बेदिया, उदय अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि राजकिशोर पांडेय व अमित कुमार, कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष अनिल सिंह, अजय पांडेय, शंभू दुबे, विनोद साव, चंदन साव, जग्गू घांसी, संजीत राम, वासुदेव उरांव, तुला खान सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# महुवाटांड बड़की पुनू पंचायत में दो दर्जन से अधिक लोगों ने झामुमो छोड़ आजसू में हुआ शामिल



**समाचार संध्या**

रजरप्पा । दामोदर नदी से सटे महुवाटांड क्षेत्र के बड़की पुन्नू पंचायत में झामुमो छोड़ आजसु पार्टी का थामा दामन थामा, एक समारोह में 2 नवंबर को पेटरवार आजसु पार्टी कार्यालय में गोमिया प्रखंड बड़की पुन्नु पंचायत मड़ई टोला से 25 लोग से अधिक ग्रामीणों ने गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो द्वारा विधानसभा क्षेत्र सर्वांगीण विकास कार्य से प्रभावित होकर बेहतर कार्यशैली को देख झामुमो को छोड़कर आजसु पार्टी में शामिल हुए आजसू शामिल सभी लोगों को गोमिया विधायक डॉ लम्बोदर के द्वारा आजसू पार्टी का पट्टी पहनाकर स्वागत किया गया इस मौके पर बैजनाथ महतो, संतोष प्रजापति, देशराज ठाकुर,राजेश प्रजापति, रवि प्रजापती,कैलाश रवानी,कौशल प्रजापति, मनोहर गुप्ता, अनिल रवानी,दिनेश प्रजापति, मनीष ठाकुर, उपेल प्रजापति, मनोज रवानी, गंगाधर प्रजापति, दिलीप ठाकुर ,बंटी ठाकुर, सूख देव प्रसाद,केदार शर्मा, कुँवर ठाकुर,कौशल प्रजापति, लक्ष्मी ठाकुर,बिनोद मुंडा,टेकलाल ठाकुर,रवि ठाकुर,लखन कुमार सहित आजसू के कई कार्यकर्त्ता शामिल थे!

## छठव्रतियों के सुविधाओं का रखेंगे पूरा ख्याल : सत्येंद्र यादव

# सयाल दामोदर नदी छठ घाट की हुई साफ-सफाई, घाटों को साफ-सुथरा रखने की अपील



**समाचार संध्या**

भुरकुंडा (रामगढ़)। लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर सयाल उत्तरी पंचायत के पूर्व मुखिया सह झामुमो नेता सत्येंद्र यादव के नेतृत्व में शनिवार को सयाल दामोदर नदी छठ घाट की साफ-सफाई कार्य का शुभारंभ हुआ। इस दौरान जेसीबी मशीन से घाटो व आनजाने वाले रास्तों की साफ-सफाई कराई गई। साथ ही लोगों से छठ घाटो को साफ-सुथरा रखने की अपील की गई। मौके पर सत्येंद्र यादन ने बताया कि छठ महापर्व को ले सीसीएल प्रबंधन द्वारा जेसीबी मशीन से साफ-सफाई और समतलीकरण का कार्य सयाल दामोदर नदी छठ घाट में कराया जा रहा है।

ताकि छठव्रतियों सहित श्रद्धालु महिला-पुरूषों को छठ घाट तक पहुंचने में कोई दिक्कत न हो। उन्होंने कहा कि श्रीश्री छठ पूजा समिति द्वारा पूजा के दौरान छठव्रतियो और श्रद्धालु के सुविधाओं का पूरा ख्याल रखा जायेगा। साफ-सफाई अभियान में बीरेंद्र पासवान, सत्येंद्र यादव, कृष्णा साव, अनूप कुमार उर्फ पिंटू सिंह, अर्जुन सिंह, राजीव सिन्हा, दीपू सिंह, चिंटू, दीपक मेहता, संजय शर्मा, पुटूस, संटू सिंह आदि जुटे हैं।

# गरीब-जरूरतमंदों की सेवा ही क्लब का उद्देश्य : रेखा वर्णवाल

# लायंस क्लब भुरकुंडा ने मां शीतला देवी मंदिर सयाल मोड़ में भंडारा का किया आयोजन

## नर सेवा-नारायण सेवा के तहत 450 लोगों को कराया भोजन

**समाचार संध्या**

भुरकुंडा (रामगढ़)।लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस शनिवार को भी भुरकुंडा के पटेलनगर सयाल मोड़ स्थित मां शीतला देवी मंदिर में नर सेवा नारायण सेवा कार्यक्रम के तहत भव्य भंडारा का आयोजन किया। सर्वप्रथम पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पंडित रामकुमार पाठक द्वारा शीतला माता की पूजा-अर्चना कराई गई। इसके बाद मां को भोग लगाया गया। तत्पश्चात भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा का शुभारंभ लायंस क्लब के लोगों ने संयुक्त रूप से श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण कर किया। इस अवसर पर फूड फॉर हंगर के तहत करीब 450 लोगों को भरपेट भोजन कराया गया। इस दौरान लायंस क्लब के लोगों ने सभी को पुरी-सब्जी और हलुआ रूपी प्रसाद खिलाकर आर्शीवाद लिया। बताया गया कि लायंस क्लब द्वारा प्रत्येक शनिवार को भंडारा का आयोजन जारी रहेगा। मौके पर क्लब की अध्यक्ष रेखा वर्णवाल, सचिव अंजू देवी और कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद ने कहा कि क्लब अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वाहन ईमानदारी पूर्वक निभाता रहेगा। उन्होंने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा होता है। मानव सेवा ही सबसे बड़ा पूण्य का कार्य होता है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपने जन्मदिन, बड़े-बुर्जुगों के पुण्यतिथि, शादी का सालगिरह आदि कार्यक्रमों के दौरान लायंस क्लब के बैनर तले गरीबों की सेवा में सहयोग कर पुण्य का भागी बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में



क्लब की अध्यक्ष रेखा वर्णाल, सचिव अंजू देवी, कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद, जोन चेयरपर्सन एमजेएफ डॉ राजेंद्र महतो, जिला चेयरपर्सन अशोक सिन्हा, जिला चेयरपर्सन अखिलेश शर्मा, आज के प्रोजेक्ट चेयरपर्सन प्रशांत यादव, डॉ एमके मंजुल, एमजेएफ संजय जायसवाल, विजयंत कुमार, दीनबंधु सिंह, सूबेदार एचएन यादव, निर्मल अग्रवाल, विजय वर्णाल, प्रमोद शर्मा, रेणु जायसवाल, मनोज कुमार मंजुल, रेखा मंजुल, सीमा यादव, सरिता देवी सहित संगम पब्लिक स्कूल बड़कागांव के प्रोपराइटर दिनेश कुमार का विशेष योगदान रहा।

# रिवर साइड भुरकुंडा श्रीश्री चित्रगुप्त एवं मां दुर्गा मंदिर में श्री चित्रगुप्त पूजा व भंडारा 3 को



**समाचार संध्या**

भुरकुंडा (रामगढ़)।श्रीश्री चित्रगुप्त एवं मां दुर्गा मंदिर रिवर साइड भुरकुंडा के प्रांगण में शनिवार को श्री चित्र गुप्त पूजा समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता लक्ष्मी नारायण प्रसाद तथा संचालन विकासकांत सिन्हा ने किया। बैठक में समिति के लोगों ने बताया कि श्री चित्रगुप्त पूजा की सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे धूमधाम व भक्तिभाव के साथ रिभर साईड भुरकुंडा स्थित श्रीश्री चित्रगुप्त एवं मां दुर्गा मंदिर में श्री चित्रगुप्त पूजा होगी। 3 नवंबर रविवार को सुबह 10 बजे श्री चित्र गुप्त महाराज की पूजा प्रारंभ होगी। तत्पश्चात विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान पुरोहित द्वारा संपन्न कराया जायेगा। इसके बाद भव्य भंडारा का आयोजन किया जायेगा। जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालु शामिल होंगे। पूजा की सफल बनाने में पूजा समिति के नरेंद्र कुमार सिन्हा, समीर वर्मा, उमेश सिन्हा, पंकज सिन्हा, सुनील कुमार सिन्हा, सुमित अंबष्टा, कुंवर प्रसाद बक्शी, प्रशांत कुमार, नितेश सिन्हा, मनोज सिन्हा, निरंजन सिन्हा, संजीव अंबष्टा, अनुप बक्शी सहित कायस्थ महासभा के तमाम लोग जुटे हैं।

# अरगड्डा जीएम ऑफिस क्षेत्रीय कल्याण समिति की बैठक में यूनियन प्रतिनिधि स्वर्गीय बिन्देलाल मिस्त्री को दी गई श्रद्धांजलि

**समाचार संध्या**

**रिपोर्ट एस कुमार**

सिरका। सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय प्रांगण में क्षेत्रीय कल्याण समिति की बैठक आयोजित हुई. जिसमें क्षेत्र के यूनियन प्रतिनिधियों ने भाग लिया. बैठक की अध्यक्षता महाप्रबंधक संजय कुमार झा ने की. बैठक के दौरान यूनियन प्रतिनिधि स्वर्गीय बिन्देलाल मिस्त्री के निधन पर सभी पदाधिकारी, यूनियन प्रतिनिधियों ने 2 मिनट का मौन रखकर




श्रद्धांजलि अर्पित किया. इसके पश्चात क्षेत्र में कामगारों से जुड़े कल्याण संबंधी क्रियाकलापों पर अपने विचार प्रतिनिधियों ने रखा. समस्याओं पर भी प्रबंधन का ध्यान आकर्षित कराया गया. जिसे लेकर प्रबंधन ने सकारात्मक पहल करने की बात कहीं। अवसर पर कार्यक्रम में अमला अधिकारी (कार्मिक एवं प्रशासन) मोहम्मद फैयाज उल हक, प्रबंधक कार्मिक मनीष कुमार अंम्बष्टा, सिरका पीओ श्रीकांत शर्मा, यूनियन प्रतिनिधि सुशील कुमार सिन्हा, गौतम बनर्जी, रंजीत पांडे, कमरुद्दीन खान, दीपक कुमार समेत विभिन्न परियोजनाओं के पीओ, कार्मिक प्रबंधक, स्टाफ ऑफिसर क्षेत्रीय क्षेत्रीय वित्त पदाधिकारी व अधिकारीगण उपस्थित थे।

# डाडी प्रखंड के प्रत्येक पंचायत में बीएलओ द्वारा घर घर जाकर मतदाता सूचना पर्ची का किया जा रहा है वितरण

**समाचार संध्या**

गिद्दी। डाडी प्रखंड अंतर्गत सभी पंचायतों में बीएलओ के द्वारा घर घर जाकर निर्वाचन आयोग से प्राप्त मतदाता सूचना पर्ची मतदाताओं को उपलब्ध कराया जा रहा है।उक्त वितरण कार्यक्रम 15 नवंबर तक चलेगा।अवितरित पर्ची **A/S/D/DU** के रूप में सूचीबद्ध किया जाएगा।मतदाता सूचना पर्ची से मतदाताओं को मतदान केंद्र,मतदान संख्या, मतदाता क्रमांक की अद्यतन जानकारी प्राप्त होगी। ताकि मतदाता सुगमतापूर्वक मतदान के दिन 20 नवंबर को मतदान केंद्र तक पहुंचकर आसानी से मतदान कर सकेंगे। उक्त कार्य का पर्यवेक्षण संबंधित बीएलओ पर्यवेक्षक के द्वारा किया जा रहा है। इसकी जानकारी बीएलओ पर्यवेक्षक अजीत तिवारी द्वारा दी गई।









# अंबा प्रसाद की जीत हुई तो विकास का नया कीर्तिमान स्थापित किया जायेगा : योगेन्द्र साव

## सौंदा डी, न्यू बैरक व पुराना सिनेमा हॉल कॉलोनी में कांग्रेस ने चुनावी सभा का किया

## आयोजन, कांग्रेस प्रत्याशी अंबा प्रसाद के पक्ष में किया डोर-टू-डोर जनसपंर्क, मांगा समर्थन

**समाचार संध्या**

भुरकुंडा (रामगढ़)। सौंदा डी, न्यू बैरक और जवाहर नगर पंचायत के हनुमानगढ़ी स्थित पुराना सिनेमा हॉल कॉलोनी में शनिवार को कांग्रेस पार्टी द्वारा चुनावी सभा का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य रूप से झारखंड सरकार के पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव उपस्थित थें। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव ने कहा कि कांग्रेसी प्रत्याशी अंबा प्रसाद को जितावें हर अधूरे कार्य पूर्ण होंगे। उन्होंने कहा कि अंबा की जीत हुई तो पूरे बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में विकास का नया कीर्तिमान स्थापित किया जायेगा। न्यू बैरक में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक प्रतिनिधि अमित कुमार व संचालन पूर्व विधायक प्रतिनिध विनोद साव ने किया। मौके पर गुड्डू सोनी, भोला कुमार, बदरी राजभर, सुरेश रजवार सहित दर्जनों महिला-पुरूष शामिल थें। बकि सौंदा डी में कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष अनिल सिंह के नेतृत्व आयोजित सभा की अध्यक्षता पूर्व विधायक प्रतिनिधि विनोद साव व संचालन युवा कांग्रेस के बड़कागांव विधानसभा अध्यक्ष





जयंत तुरी ने किया। मौके पर अजय पांडेय, अलीमाम, विधायक प्रतिनिधि अमित कुमार, राजेंद्र यादव, रामवृक्ष तुरी, बबीता सिंह, शकीला देवी, रीना देवी, धाजो देवी, चरकी देवी सहित दर्जनों लोग मौजूद थे। वहीं पुराना सिनेमा हॉल कॉलोनी में आयोजित सभा की अध्यक्षता विधायक प्रतिनिधि राजकिशोर पांडेय व संचालन चंदन साव ने किया। इस दौरान इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान चलाकर क्षेत्रवासियों से अंबा प्रसाद के पक्ष में समर्थन मांगते हुए पुनः अंबा प्रसाद को जीत दिलाने का आह्वान किया। मौके पर झामुमो नेता मुकेश राउत, विक्कू रजक सहित दर्जनों लोग मौजूद थें।

# कटुआ कोचा छठ घाट की साफ-सफाई में जोर-शोर से लगे हैं पीटीपीएस यूथ वेलफेयर सोसाइटी के सदस्य




**समाचार संध्या**

भुरकुंडा (रामगढ़)।आगामी छठ पूजा की सफलता पूर्वक आयोजन को लेकर पीटीपीएस यूथ वेलफेयर सोसाइटी के सदस्यों ने शनिवार को उचरिंगा स्थित कटुआ कोचा छठ घाट की साफ सफाई कार्य का शुभारंभ किया। जो जोर-शोर से चल रहा है। कहा गया कि छठव्रतियों को कोई भी कठिनाई या असुविधा ना हो इसके लिए सोसाइटी जरूरी सुविधाएं घाट पर उपलब्ध कराने के लिए संकल्पित है। साफ सफाई में सोसाइटी के सुजीत पटेल, मो. वारिस खान, डॉ. मनोज कुमार गुप्ता, दिलीप सिंह, नीरज झा, मनीष अग्रवाल, संजीव कुमार सिंह, शक्ति सिंह, राकेश कुमार, राजीव कुमार पाठक, अनिल कुमार सिंह, दीपक कुमार, अरविंदम नायक, तारिक रजा आदि जुटे हैं।

# लोजपा प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने आजसू का दामन थामा



**समाचार संध्या**

रजरप्पा। रजरप्पा आवासीय कॉलोनी विधायक आवास में सुनीता चौधरी के समक्ष देर शाम लोक जन शक्ति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार राज के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने आजसू पार्टी की सदस्यता लिया इस मौके पर सुनीता चौधरी ने बताया की विधानसभा चुनाव में लोग आजसू पार्टी के द्वारा किये गए विकास कार्यों को लेकर लोग शामिल हो रहे है उन्होंने कहा की आजसू पार्टी लोगों को मान सम्मान देने में किसी तरह की कोई कोताही नहीं वरती है और विकास का पैमाना से ही देख लोग जुड़ रहे है विधायक के द्वारा सभी को स्वागत किया गया उन्होंने लोगों से कहा की विधानसभा की मत्तदान में शत प्रतिशत लोगों को एनडीए प्रत्याशी के चुनाव चिन्ह केला छाप पर क्रम संख्या 3 पर बटन दबाकर भारी मतों से विजय बनाने की अपील की, इस मौके पर लोजपा जिला अध्यक्ष राजकुमार रवानी सोनू कुमार वर्मा, करण कुमार सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

# जगतार सिंह का मिलनसार व्यक्तित्व बहुत बड़ी दौलत है : यशवंत सिन्हा

## पूर्व विदेश मंत्री यशवंत सिन्हा ने भुरकुंडा कोयलांचल का किया दौरा, अटल विचार मंच के प्रत्याशी जगतार सिंह के पक्ष में मांग समर्थन, चुनाव में जीत दिलाने का किया आह्वान



**समाचार संध्या**

भुरकुंडा (रामगढ़)। पूर्व विदेश मंत्री सह अटल विचार मंच के संस्थापक यशवंत सिन्हा का शनिवार की शाम कोयलांचल भुरकुंडा में आगमन हुआ। इस दौरान मंच के कार्यकर्ताओं ने यशवंत सिन्हा का जोरदार स्वागत करते हुए उन्हें फूल माला से लाद दिया। मौके पर यशवंत सिन्हा ने भुरकुंडा, भदानीनगर आदि ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा का अटल विचार के प्रत्याशी जगतार सिंह के पक्ष में क्षेत्रवासियों से समर्थन मांगा। मौके पर यशवंत सिन्हा ने अपने प्रत्याशी को आर्शिवाद देते हुए कहा की जगतार सिंह इस क्षेत्र में काफी दिनों से जनसेवा कार्य में जुटे हैं। इसी को देखते हुए अटल विचार मंच ने इन्हें प्रत्याशी बनाया है। उन्हें ने कहा कि जगातार सिंह के पास धन-दौलत तो नहीं है, लेकिन इनका मिलनसार व्यवहार बहुत बड़ी दौलत है। मुझे पुरा विश्वास है कि बड़कागांव विधानसभा से जगतार सिंह विजयी होगे। श्री सिन्हा ने क्षेत्रवासियों से जगतार सिंह को भारी मतो से विजयी बनाने का आहवान किया। मौके पर अटल विचार मंच के प्रत्याशी जगतार सिंह, प्रकाश मिश्रा, देवेन्द्र सिंह, सुमन सिंह, प्रफुल कुमार, मुकेश पांडेय, विरेन्द्र सिन्हा, रुपेश सिंह, संतन सिंह, अशोक कुशवाहा, उमेश राम, गुरुमित सिंह सहित दर्जनों लोग मौजूद थें।

# भक्ति आयोजनों से क्षेत्र में सुख समृद्धि का आगमन : होता है राकेश कुमार सत्यार्थी

## काली पूजा के अवसर पर थाना चौक भुरकुंडा में भव्य भंडारा का हुआ आयोजन, सैकड़ो श्रद्धालु ने ग्रहण किया प्रसाद



**समाचार संध्या**

भुरकुंडा (रामगढ़)। श्रीश्री काली पूजा के पावन अवसर पर शनिवार को श्रीश्री काली पूजा समिति के तत्वाधान में भुरकुंडा थाना चौक स्थित काली मंडप प्रांगण में शनिवार की शाम भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा का शुभारंभ भुरकुंडा परियोजना पदाधिकारी राकेश कुमार सत्यार्थी, बलकुदरा मैनेजर बबलू कुमार, पंकज कुमार सिंह, अभिषेक कुमार, अंकुर विश्वनाथ, माइन बी के मैनेजर रवि रंजन, काली पूजा समिति के अध्यक्षश्री पप्पू सिंह, कामेश्वर मेहता, उदय स्वर्णकार और संरक्षक प्रभास दास आदि ने श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण कर किया। मौके पर पियो राकेश कुमार सत्यार्थी ने कहा कि ऐसे आयोजनों से क्षेत्र में भक्ति का संचार बढ़ता है। साथ ही श्रद्धालुओं को भक्ति के सागर में डुबकी लगाने का अवसर भी मिलता है। उन्होंने कहा कि भक्ति आयोजनों से साथी क्षेत्र में हरियाली खुशहाली और सुख समृद्धि का आगमन होता है।

धार्मिक अनुष्ठान को संपन्न कराने में आकाश दास, बैजनाथ कुमार, अनिल पासवान, पिंकू सिन्हा, शंभू दुबे, दयानंद प्रसाद केसरी, पप्पू यादव सहित समिति के दर्जनों लोगों का विशेष योगदान रहा।